Bhartendu Sikhar
Dt.15-10-2026

एचपी टीईटी के लिए 39,984 आवेदन, 22 नवंबर से शुरू होगी परीक्षा

भारतेन्दु संवाददाता, धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की शिक्षक पात्रता परीक्षा नवंबर-2026 के लिए आवेदन प्रक्रिया पूरी हो गई है। बोर्ड को विभिन्न श्रेणियों में कुल 39,984 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 38,355 अभ्यर्थियों ने निर्धारित शुल्क जमा करवाया है, जबकि 1,629 आवेदन बिना शुल्क के प्राप्त हुए हैं। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि परीक्षा की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए योग्य और पात्र शिक्षकों का चयन आवश्यक है। शिक्षक पात्रता परीक्षा शिक्षा के निर्धारित मानकों को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने बताया कि विभिन्न श्रेणियों की परीक्षाएं 22 नवंबर, 2026 से शुरू होंगी। अभ्यर्थियों से परीक्षा संबंधी दिशा-निर्देशों और नवीनतम जानकारी के लिए बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट नियमित रूप से देखने की अपील की गई है।

Himachal Dastak Dt. 15-10-2026

टेट के लिए 39,984 में से बिना शुल्क आए 1629 आवेदन

धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की ओर से आयोजित होने वाली शिक्षक पात्रता परीक्षा (एचपी टीईटी) नवंबर-2026 के लिए कुल 39,984 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें से 38,355 अभ्यर्थियों ने निर्धारित शुल्क के साथ आवेदन जमा करवाए हैं, जबकि 1629 आवेदन बिना शुल्क के प्राप्त हुए हैं। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि विभिन्न श्रेणियों की टीईटी परीक्षाएं 22 नवंबर से शुरू होंगी। परीक्षा के सफल और पारदर्शी आयोजन के लिए बोर्ड ने तैयारियां तेज कर दी हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए योग्य और पात्र शिक्षकों का चयन आवश्यक है। टीईटी शिक्षा के निर्धारित मानकों को बनाए रखने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने अभ्यर्थियों से परीक्षा संबंधी दिशा-निर्देशों और नवीनतम जानकारी के लिए बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट नियमित रूप से देखने का आग्रह किया।

Himachal Dastak Dt. 15-10-2026

दसवीं के छात्रों की प्रिंटेड मार्क्सशीट तैयार

विद्यार्थियों का इंतजार खत्म, अगले सप्ताह तक स्कूलों में पहुंचने की उम्मीद

हिमाचल दस्तक ▮ धर्मशाला

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला ने दसवीं के बोर्ड परीक्षा परिणाम के बाद अब दसवीं के विद्यार्थियों की प्रिंटेड मार्क्सशीट बनाकर तैयार कर ली है। लंबे समय से छात्र इनका इंतजार कर रहे थे, जिन्हें जल्द ही बड़ी राहत मिलने वाली है। सूत्रों के मुताबिक शिक्षा बोर्ड जल्द ही एक-दो दिनों के अंदर मार्क्सशीट स्कूलों को भेजने की प्रक्रिया शुरू क रेगा। ऐसे में अगले सप्ताह तक इनके स्कूलों में पहुंचने की उम्मीद लगाई जा रही है।

गौरतलब है शिक्षा बोर्ड ने दसवीं परीक्षा का परिणाम मई 2026 को घोषित किया गया था तब से लेकर अब तक छात्रों को दसवीं की प्रिंटेड मार्क्सशीट उपलब्ध नहीं करवाई जा सकी। करीब 5 माह के बाद अब प्रिंटेड मार्क्सशीट छात्रों को मिल पाएगी। दसवीं की प्रिंटेड मार्क्सशीट तैयार करने का यह कार्य पूरा कर लिया गया है। हालांकि इससे पहले बोर्ड जमा दो कक्षा के विद्यार्थियों की मार्क्सशीट स्कूलों को भेज चुका है और विद्यार्थियों को ये मिल भी चुकी हैं। इस बार दसवीं कक्षा की परीक्षा में 75 हजार से अधिक विद्यार्थी शामिल हुए थे। बोर्ड की ओर से विद्यार्थियों को अच्छी गुणवत्ता वाली प्रिंटेड मार्क्सशीट उपलब्ध करवाई जा रही हैं। बोर्ड प्रबंधन के अनुसार, कुछ अपरिहार्य कारणों से मार्क्सशीट तैयार करने में देरी हुई है।

बोर्ड कार्यालय से भी ले सकेंगे मार्क्सशीट


यदि कोई विद्यार्थी दीवार को ही अपनी प्रिंटेड मार्क्सशीट प्राप्त करना चाहता है तो वह स्कूल शिक्षा बोर्ड के कार्यालय से इसे हासिल कर सकता है। इसके लिए बोर्ड की ओर से व्यवस्था की गई है। इसके बाद मार्क्सशीट सीधे स्कूलों को भेजी जाएंगी, जहां से विद्यार्थी इन्हें प्राप्त कर सकेंगे।

> प्रिंटेड मार्क्सशीट तैयार कर ली गई हैं। इन्हें जल्द ही स्कूलों को भेजा जाएगा। मार्क्सशीट जारी करने में थोड़ी देरी हुई है, लेकिन अब यह कार्य पूरा कर लिया गया है। विद्यार्थियों को इसके लिए ज्यादा इंतजार नहीं करना पड़ेगा।
>
> -अंकुश शर्मा
> सचिव स्कूल शिक्षा बोर्ड।

पंजाब केसरी
THU, 15 OCTOBER 2026
EDITION: HIMACHAL , PAGE NO. 11

एच.पी. टी.ई.टी. की परीक्षा 22 नवम्बर से होगी शुरू

धर्मशाला, 14 अक्तूबर (प्रियंका): हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की ओर से आयोजित की जाने वाली शिक्षक पात्रता परीक्षा (एच.पी. टी.ई.टी.) नवम्बर-2026 के लिए कुल 39,984 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें से 38,355 अभ्यर्थियों ने निर्धारित शुल्क के साथ आवेदन जमा किए हैं, जबकि 1,629 आवेदन बिना शुल्क के प्राप्त हुए हैं। परीक्षा 22 नवम्बर से शुरू होगी।



बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि प्रदेश में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए योग्य और पात्र शिक्षकों का चयन जरूरी है। उन्होंने अभ्यर्थियों से परीक्षा संबंधी दिशा-निर्देशों और आगामी अपडेट के लिए हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की आधिकारिक वैबसाइट पर नियमित रूप से नजर रखने की अपील की है।

Amar Ujala Dt. 15-10-2026

शिक्षक पात्रता परीक्षा के लिए बोर्ड के पास आए 40 हजार आवेदन

धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित की जाने वाली शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) नवंबर-2026 के लिए आवेदन प्रक्रिया पूर्ण हो गई है। प्रदेश भर से युवाओं ने इस परीक्षा के लिए भारी उत्साह दिखाया है और बोर्ड को विभिन्न श्रेणियों के लिए कुल 39,984 आवेदन प्राप्त हुए हैं। बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि अब तक प्राप्त कुल 39,984 आवेदनों में से 38,355 अभ्यर्थियों ने निर्धारित परीक्षा शुल्क के साथ फॉर्म जमा किए हैं। 1,629 आवेदन बिना शुल्क के प्राप्त हुए हैं। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने स्पष्ट किया कि सरकार राज्य की शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। ब्यूरो

दैनिक सवेरा टाइम्स
अंधेरे से उजाले की ओर...

टेट के 39,984 आवेदन, 22 नवंबर से शुरू होंगी परीक्षाएं

38,355 अभ्यर्थियों ने शुल्क सहित भरे फॉर्म

सवेरा न्यूज/यशपाल सिंह

धर्मशाला, 14 अक्तूबर: हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की ओर से आयोजित की जाने वाली शिक्षक पात्रता परीक्षा (एचपी टीईटी) नवंबर-2026 के लिए 39,984 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें से 38,355 अभ्यर्थियों ने निर्धारित शुल्क के साथ आवेदन जमा करवाए हैं, जबकि 1,629 आवेदन बिना शुल्क के प्राप्त हुए हैं। परीक्षा का आयोजन 22 नवंबर 2026 से शुरू होगा। स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि आवेदन प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। बोर्ड अब प्राप्त आवेदनों की छंटनी और परीक्षा केंद्रों के आवंटन की तैयारियों में जुटा है। परीक्षा के सुचारू और पारदर्शी आयोजन के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए स्कूलों में योग्य और पात्र शिक्षकों का होना जरूरी है। शिक्षक पात्रता परीक्षा शिक्षा के निर्धारित मानकों को बनाए रखने और योग्य शिक्षकों के चयन की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

बोर्ड का लक्ष्य विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध करवाने के लिए शिक्षक पात्रता के मानकों को प्रभावी बनाए रखना है। डॉ. राजेश शर्मा ने अभ्यर्थियों से आग्रह किया कि वे परीक्षा से संबंधित दिशा-निर्देशों, तिथियों और अन्य नवीनतम जानकारियों के लिए हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर नियमित रूप से नजर रखें।

OCTOBER 15, THURSDAY HIMACHAL PRADESH

The Sunny Times

OVER 38,000 ASPIRING TEACHERS RUSH TO LOCK IN HP TET AS BATTLE FOR CLASSROOMS BEGINS


The Sunny Times | Dharamshala |

Nearly 40,000 teaching hopefuls have thrown their hats into the ring across Himachal Pradesh, sparking fierce competition for the upcoming Himachal Pradesh Teacher Eligibility Test this November. The Himachal Pradesh Board of School Education wrapped up its registration window with a massive wave of interest, clocking 39,984 total applications from candidates eager to step into government classrooms.

Board Chairman Dr. Rajesh Sharma confirmed that the overwhelming majority meant business, with 38,355 applicants clearing all formalities and paying their exam fees on time. Only 1,629 forms were left incomplete without fee submission. The board has now kicked off scrutiny of valid applications and started finalizing exam centers across the state.

Setting high expectations for the candidates, Dr. Sharma stressed that the rigorous screening is non-negotiable. He underlined that the state government is laser-focused on overhauling educational standards, meaning only truly qualified, sharp educators will make the cut to shape young minds.

The high-stakes exams kick off on November 22, 2026, across multiple subject categories. With logistics running in full swing for a foolproof test rollout, the board has directed registered candidates to keep a sharp eye on the official HPBOSE website for admit cards, schedule notices, and vital updates.



दिव्य हिमाचल E-Paper
देवभूमि का सर्वाधिक लोकप्रिय मीडिया

एचपी टेट के लिए 40 हजार आवेदन

22 नवंबर से शुरू होगी परीक्षा; बिना फीस 1629 आवेदन मिले

दिव्य हिमाचल ब्यूरो – धर्मशाला

हिमाचल प्रदेश में शिक्षक बनने का सपना देख रहे युवाओं के लिए अहम खबर है। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित की जाने वाली शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) नवंबर-2026 के लिए आवेदन प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न हो गई है। प्रदेश भर से युवाओं ने इस परीक्षा के लिए भारी उत्साह दिखाया है और बोर्ड को विभिन्न श्रेणियों के लिए कुल 39,984 आवेदन प्राप्त हुए हैं। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने आवेदन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि अब तक प्राप्त कुल 39,984 आवेदनों में से 38,355 अभ्यर्थियों ने निर्धारित परीक्षा शुल्क के साथ अपनी प्रक्रिया पूरी कर ली है। वहीं, तकनीकी या अन्य कारणों से 1,629 आवेदन बिना शुल्क के प्राप्त हुए हैं। बोर्ड अब इन प्राप्त आवेदनों की छंटनी और परीक्षा केंद्रों के आबंटन की प्रक्रिया में जुट गया है। शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता को लेकर बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने स्पष्ट किया कि प्रदेश सरकार राज्य की शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। विद्यार्थियों को बेहतरीन और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले, इसके लिए स्कूलों में योग्य और पात्र शिक्षकों का होना अनिवार्य है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि शिक्षक पात्रता परीक्षा शिक्षा के निर्धारित मानकों को बनाए रखने और बेहतरीन शिक्षकों की फौज तैयार करने की दिशा में एक बेहद महत्त्वपूर्ण कदम है, ताकि प्रदेश का भविष्य सुरक्षित हाथों में रहे। गौरतलब है कि टीईटी नवंबर-2026 की विभिन्न श्रेणियों की परीक्षाओं का आगाज 22 नवंबर, 2026 से होने जा रहा है।

HP-TET
Himachal Pradesh Teachers Eligibility Test